दिनांक 29 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आकाशगंगा एवं नेहरू भवन स्थित राहत शिविर में ठहरे हुए लोगों के लिए उत्तम व्यवस्था , टेलीविजन की सुविधा है उपलब्ध

भिलाई नगर/ लॉक डाउन के दौरान फंसे हुए लोगों के लिए निगम भिलाई ने बेहतर व्यवस्था की है ताकि राहत शिविर एवं आश्रय स्थल में रहते हुए उन्हें घर जैसा माहौल मिल सके और तनाव को दूर करने योग एवं व्यायाम भी सिखाया जा रहा है! आकाशगंगा कार्यालय स्थित भवन को राहत शिविर बनाया गया है जहां पर तमाम ऐसी सुविधाएं जो दैनिक जीवन के लिए उपयोगी है मुहैया कराई गई है! सोशल डिस्टेंस मेंटेन करने के लिए निगम भिलाई द्वारा राहत शिविरों एवं आश्रय स्थलों में संख्या क्षमता के आधार पर लॉक डाउनलोड फंसे हुए लोगों को रखा जा रहा है , निर्धारित संख्या पूर्ण होने पर अन्य स्थलों में व्यवस्था बनाई जा रही है! इसी तारतम्य में सेक्टर 6 स्थित अग्रसेन भवन में ठहरने , भोजन एवं सफाई व्यवस्था की तैयारी की जा रही है इसके लिए कार्यपालन अभियंता सुनील जैन ने आदेश भी जारी कर दिया है तथा अधिकारी/कर्मचारियों की नियुक्ति भी कर दी है! आकाशगंगा स्थित राहत शिविर में कुल 21 लोग ठहरे हुए हैं जो कि 28 मार्च से यहां पर रह रहे हैं इसमें से 7 लोग उत्तर प्रदेश एवं 14 लोग पश्चिम बंगाल से हैं यहां पर समय व्यतीत करने के लिए टेलीविजन की व्यवस्था की गई है! चादर , मच्छरदानी, मास्क एवं सैनिटाइजर दिया गया है इसके साथ ही यहां पर पेयजल एवं शौचालय उपलब्ध है! नेहरू भवन स्थित आश्रय स्थल में महिला स्व सहायता समूह की हेमलता एवं बुद्धेश्वरी ने ठहरे हुए लोगों के लिए भोजन का बेहतर इंतजाम किया है और चाय , नाश्ता सहित खाना दिया जा रहा है!

जनसंपर्क अधिकारी